# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 05/08/2024**

**मुख्यमंत्री सचिवालय रांची**
**विज्ञप्ति संख्या - 193/2024**
**05 अगस्त 2024**
**झारखंड मंत्रालय, रांची**
**===========================**

**★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।**
**===========================**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी दिनांक 09 अगस्त 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड की राजधानी राँची के विभिन्न क्षेत्र में जनजातीय सामाजिक तथा धार्मिक संगठन की ओर से पूर्व वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मैत्रीपूर्ण समन्वय मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के भीतर सभी के हक-अधिकार एवं स्वतंत्रता को सम्मान के साथ बढ़ावा देना, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास का संदेश देने का काम जनजातीय समूहों के द्वारा किया जायेगा। मौके पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के

सदस्यों ने विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मूलभूत सुविधा मुहैया कराने एवं राजधानी रांची के हृदय स्थल अल्बर्ट एक्का चौक में मंच निर्माण कराए जाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिए जाने का भरोसा दिया है।

**इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की सहित प्रकाश हंस, रूपचंद केवट, गैना कच्छप, मुन्ना उरांव, कैलाश तिर्की, अशोक लोहरा, विजय कच्छप, सुभानी तिग्गा, सुचिता बाड़ा, विनीता तिग्गा, राहुल उरांव उपस्थित थे।**

**###**

**===========================**

**TeamPRD(CMO)**